OPG WORLD SCHOOL

# LitOdyssey 2026

## INTER-SCHOOL LITERARY FEST











# Editorial



On 14 and 15 July 2026, OPG World School came alive with the vibrant spirit of literature as the fourth edition of Lit Odyssey unfolded. What began as an interschool event blossomed into a grand festival — a true celebration of the written word and the joy of meaningful dialogue. The school's library resonated with passionate discussions, while the auditorium brimmed with energy through intense debates, dramatic monologues, and lyrical dastangoi.

At its heart, Lit Odyssey was envisioned as more than a competition. It was designed to nurture a love for literature, to encourage young minds to question, imagine, and articulate, and to create a shared space where diverse voices could meet in respectful discourse. The festival sought to remind every participant that literature is not confined to pages — it is a living force that shapes thought, inspires creativity, and builds bridges of understanding.

Across two enriching days, the festival offered a kaleidoscope of experiences: the first day dedicated to English literary pursuits, and the second to Hindi, each stage becoming a platform where imagination soared and eloquence found its voice. Every performance was not just a contest, but a testament to the courage to think deeply and express boldly.



The fest was graced by the distinguished presence of eminent judges – Dr Archana Tripathi, Ms Piyasha Mitra, Ms Geetika Kapoor, Ms Shraddha Gupta, and Dr Jasveer Tyagi – alongside in-house experts Ms Kirti Rawat and Ms Preeti Chhikara. Their wisdom and guidance elevated each event, inspiring participants to strive for excellence and artistry.



Behind the curtain of applause lay the tireless dedication of student volunteers, the organising team, and the faculty, whose collective efforts transformed Lit Odyssey into a seamless symphony of creativity and collaboration.



As the final echoes of applause lingered, Lit Odyssey 2026 left behind more than memories. It reaffirmed the values of critical thought, respectful dialogue, and the joy of shared expression – a legacy that will continue to inspire long after the festival lights dimmed.











# About the Judges

## Ms Piyasha Mitra

Ms Piyasha Mitra brings over two decades of experience in luxury travel, strategic operations, and corporate leadership. Currently Director – Operations at RARE India, she is also a recognised travel writer for Condé Nast Traveller, promoting conscious and regenerative travel. Her career includes working with global organisations such as American Express, the World Bank, IFC, WHO, and the British High Commission. A literature enthusiast, she studied at Loreto House, Kolkata, completed English Honours at the University of Calcutta, and earned an MBA from Symbiosis, Pune. Though her career moved into travel, her love for books remained constant. Returning to Loreto House as an English teacher, she now takes on the role of judge in a meaningful full-circle journey.

> "Dear students, it was a pleasure witnessing such impressive performances. I hope to see even greater participation in the future. Remember, literature is not just about winning, but about learning, self-expression, and appreciating the beauty of words. Being part of this festival was truly a rewarding experience and a refreshing break from our fast-paced lives."



## Ms Geetika Kapoor

Ms Geetika Kapoor is a social entrepreneur and theatre practitioner with over 25 years of experience. As a Partner at Storee Ki Boree, she utilizes theatre to foster meaningful conversations and tackle difficult questions. A certified POSH and POCSO practitioner, she leads workshops on child safeguarding, gender, and inclusion, believing in theatre's potential to build empathy and communication. Ms Kapoor has collaborated with various schools and non-profits in India to create experiential learning programs that address child rights and social change. She also founded Udaan Educational Trust, focusing on education and arts for underserved communities.

> "Dear students, a memorable performance begins with a deep understanding of your character. True expression comes not only through words but also through confidence, silence, and presence of mind. Keep observing, believing in yourselves, and never stop learning."



# सुश्री श्रद्धा गुप्ता

सुश्री श्रद्धा गुप्ता एक प्रख्यात कथावाचिका (स्टोरीटेलर), रंगमंच प्रेमी एवं स्टोरी की बोरी (Storee Ki Boree) की संस्थापक हैं। वे पिछले दो दशकों से अपनी सृजनात्मक कहानियों और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों की कल्पनाशक्ति को नई उड़ान दे रही हैं। कहानी कहने की उनकी विशिष्ट शैली, सशक्त स्वर-संयोजन तथा पात्रों को जीवंत कर देने की अद्भुत क्षमता श्रोताओं को कल्पना की एक नई दुनिया में ले जाती है। बच्चों के साथ उनका गहरा जुड़ाव, उनकी रचनात्मक सोच तथा सीखने को आनंददायक बनाने का उनका दृष्टिकोण उन्हें एक विशिष्ट कथावाचिका के रूप में स्थापित करता है। श्रद्धा गुप्ता ने देश-विदेश में बच्चों के लिए अनेक कहानी सत्रों का सफल संचालन किया है। उन्होंने न केवल कहानी-कला को एक सशक्त शैक्षिक माध्यम बनाया है, बल्कि अपने मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थियों को रंगमंच, विज्ञापनों तथा विभिन्न मंचीय प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित भी किया है। कहानी कहने की कला के प्रति उनका समर्पण, नवाचार और बाल-केंद्रित दृष्टिकोण उन्हें दास्तानगोई के क्षेत्र की एक सम्मानित एवं प्रेरणादायी हस्ती बनाता है।

> “प्रिय विद्यार्थियों, आप सभी की प्रतिभा और उत्साह देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई। अपने कौशल को निरंतर निखारते रहें, आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दें और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को साहित्यिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।”



# डॉ. जसवीर त्यागी

डॉ. जसवीर त्यागी हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, कवि एवं साहित्यिक समीक्षक हैं। वर्तमान में वे दिल्ली विश्वविद्यालय के राजधानी कॉलेज के हिंदी विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से एम.ए., एम.फिल. तथा पीएच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त की हैं। उनकी साहित्यिक एवं अकादमिक उपलब्धियों में साप्ताहिक हिंदुस्तान, पहल, समकालीन भारतीय साहित्य, नया पथ, आजकल, कादम्बिनी, जनसत्ता, हिंदुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, वसुधा, इंद्रप्रस्थ भारती, विश्वगाथा, नई दुनिया तथा दैनिक ट्रिब्यून सहित अनेक प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं एवं समाचार-पत्रों में कविताओं और लेखों का नियमित प्रकाशन शामिल है। उनकी प्रमुख कृतियों में 'अभी भी दुनिया में' काव्य-संग्रह, 'सचेतक और डॉ. रामविलास शर्मा' (तीन खंडों का संकलन एवं संपादन) तथा 'रामविलास शर्मा के पत्र' (सह-संपादन) उल्लेखनीय हैं। उनकी कविताओं का अंग्रेज़ी, गुजराती, पंजाबी, तेलुगु, मराठी तथा नेपाली भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। उन्हें हिंदी अकादमी, दिल्ली द्वारा 'नवोदित लेखक पुरस्कार' तथा 'सृजन साहित्य सम्मान-2025' से सम्मानित किया जा चुका है।

> “प्रिय विद्यार्थियों, आपकी गहरी सोच और साहित्य के प्रति समझ ने मुझे बहुत प्रभावित किया। अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ें, कविताओं का अध्ययन करें और अपनी रचनात्मकता को निरंतर विकसित करते रहें। यही प्रयास आपको उत्कृष्टता की ओर ले जाएगा।”



# डॉ. अर्चना त्रिपाठी

डॉ. अर्चना त्रिपाठी हिंदी साहित्य की प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं अध्यापिका हैं। वर्तमान में वे दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज के हिंदी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने हिंदी विषय में एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. तथा डी.लिट्. की उपाधियाँ प्राप्त की हैं। उनकी अकादमिक उपलब्धियों में तीन संपादित पुस्तकों का प्रकाशन तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्रिकाओं में दस से अधिक शोध-पत्रों का प्रकाशन शामिल है। इनमें से चार शोध-पत्र यूजीसी-केयर (UGC-CARE) सूचीबद्ध शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने अनेक ओरिएंटेशन कार्यक्रमों, रिफ्रेशर कोर्स तथा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) में आमंत्रित व्याख्यान दिए हैं तथा सक्रिय सहभागिता निभाई है। वर्तमान में उनके निर्देशन में पाँच शोधार्थी पीएच.डी. का शोधकार्य कर रहे हैं।

“प्रिय विद्यार्थियों, ज्ञान ही आपकी सबसे बड़ी शक्ति है। आपका उत्साह और सक्रिय सहभागिता देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। निरंतर सीखते रहें, जिज्ञासु बने रहें और हर अवसर पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि अगले वर्ष आप और अधिक आत्मविश्वास तथा उत्कृष्टता के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।”














# English Book Review

*From Journals to Caricatures: Lit Odyssey Hosts 1984 Book Review*

***"Perhaps one did not want to be loved so much as to be understood."– George Orwell, 1984***

**Our Winners:**
🥇 Saisha Aggarwal, OPG World School (yielded)
George K Alex, Mount Carmel School, Dwarka
🥈 Nishika, Indraprastha International School

Bringing together young readers from nine schools, the Book Review breathed vibrant life into the school's library. Transforming its quiet halls into the dystopian realm of Oceania, the venue became a living "Ministry of Readers," adorned with thematic pictures, iconic scenes, and thought-provoking visuals from George Orwell's classic novel, 1984. A total of nine participants competed in the event, judged by Ms. Piyasha Mitra—a former English teacher at OPG World School and currently a travel writer—and Ms. Preeti Chhikara, Senior English Teacher at OPG World School. The competition unfolded across three rigorous rounds. In Round 1 (Winston's Journal), participants penned a 500-to-600-word response to a prompt based on the novel within 30 minutes. Round 2 (Two Minutes of Crimethink) called for active discourse, with speakers answering questions posed by the moderator within two minutes before opening the floor to peers, who raised paddles to present counter-arguments or contribute to the perspectives previously offered. Finally, in Round 3 (Rutherford's Caricature), participants analysed political artwork, seamlessly connecting its core message to Orwell's dystopian world and modern-day society. Across all three rounds, the participants displayed a remarkable depth of understanding, offering sharp analysis and mature literary critique that deeply impressed the judges and audience alike. The event concluded with a closing ceremony, leaving students with a richer appreciation of literature alongside enhanced analytical skills, articulation, and confidence.







# Big Brother, Big Ideas: Unpacking 1984 at Lit Odyssey

**Siddhi Shinde (OPG Journalist)**: While participants showcase their love for books on stage, volunteers create the stage itself. How does that responsibility feel?

**Zyana Thakur (Student Volunteer)**: It feels really nice because even though we are not performing, we know our work helps the event run smoothly. It makes me feel happy to be a part of it.

**Siddhi Shinde (OPG Journalist)**: What is the most common mistake that readers often make while reviewing a book?

**Nishika, Indraprastha International School (Participant)** : Many students focus too much on using difficult or ornamental language. A good review is not judged by fancy words but by clarity of thought.

**Siddhi Shinde (OPG Journalist):** What is one thing every young reviewer should remember while presenting their thoughts?

**George K Alex, Mount Carmel School, Dwarka (Participant)** : First, understand the book completely before reviewing it. Then present your thoughts clearly and confidently. A review should reflect your understanding, not just retell the story.

**Siddhi Shinde (OPG Journalist):**: What is the most rewarding part of being a judge at an event celebrating literature?

**Ms Piyasha Mitra (Judge)** : For me, the most rewarding part is seeing students speak so passionately about books. As a former teacher of this school, it also brings back many fond memories. Seeing young readers enjoy literature gives me hope and motivates future generations to read more.



# Clash of Convictions: The OdeSoc English Debate

*"It is the mark of an educated mind to be able to entertain a thought without accepting it." – Aristotle*

The English Debate, OdeSoc, brought together eighteen participants for an engaging exchange of ideas on the motion, "State security should take priority over individual privacy in the digital age." After an hour and a half of preparation, participants passionately presented arguments both in favour of and against the motion. The stage came alive with a wide spectrum of perspectives, with some advocating for the privacy of citizens as the cornerstone of liberty, while others argued for reasonable limitations in the interest of public welfare. The young debaters challenged one another's claims with thought-provoking questions and defended their stances with compelling real-life examples. The debate served as a powerful reminder that meaningful discussions are not only about defending a viewpoint, but also about listening, learning, and growing together.

**Beyond the Motion: In Conversation with Debaters, Judges, and Volunteers**

*Irene (OPG Journalist): What did you like most about today's event?*

Harshaan Sidhu, OPG World School (Participant): I really appreciate how the event was equally fair for every participant.

*Irene (OPG Journalist): What made OdeSoc different from other debate competitions you've attended?*

Rahini, OPG World School(Participant): The debate followed a unique format compared to other competitions I've participated in, and I thought it worked really well. It made the experience fresh and enjoyable.

*Irene (OPG Journalist): What would you like to see in future editions of the event?*

Harshaan Sidhu, OPG World School (Participant): I'd love to see a more engaged audience and even more energy throughout the debate.







**Our Winners:**

🥇 Aarav Gupta, Vasant Valley School

🥈 Veer Jain, Vasant Valley School

🥉 Harshaan Sidhu, OPG World School (yielded)

🥉 Sana Chawla, New Era Public School







# Echoes of Shakespeare: Lit Odyssey's English Monologue Competition

*"All the world's a stage, and all the men and women merely players."– William Shakespeare (As You Like It)*

**Our Winners:**
🥇 Hriday Sharma, New Era Public School
🥈 Ronit Mathur, OPG World School (yielded)
🥉 Joshua George, Vasant Valley School












Organised in the school auditorium, the event- Shakespearean Monologue brought together talented participants from eight schools. The competition was judged by Ms Geetika Kapoor. Each participant was given three minutes to perform. Before beginning their monologue, they introduced themselves and briefly explained the context of their scene. Each performance was paired with a costume and prop.

The contestants were evaluated on the basis of voice modulation, expressions, pronunciation, costume, and gestures. The performances reflected the participants' creativity, confidence, and understanding of their characters, making the competition engaging and enjoyable for the audience. The event acted as a great platform for students to showcase their acting skills, confidence, and appreciation for Shakespeare's brilliant works.

## Unmasking the Bard: Highlights from the English Monologue

**Kashvi Mishra (OPG Journalist):** If Shakespeare were sitting in the audience, what would you hope he would appreciate most about your performance?

**Joshua George, Vasant Valley School (Participant):** I would hope Shakespeare would appreciate that I brought the emotions behind his metaphors to life, because even without written stage directions, his words give actors everything they need.

**Kashvi Mishra (OPG Journalist):** Beyond memorising lines and expressions, what has this experience taught you about storytelling or empathy?

**Ronit Mathur, OPG World School (Participant):** Playing Shylock taught me that storytelling is all about understanding a character's perspective, even when they are difficult to empathise with.

**Kashvi Mishra ( OPG Journalist):** Did your character's journey make you reflect on any aspect of your life?

**Hriday Sharma, New Era Public School (Participant):** Yes. It made me think about how people often try to justify their actions and seek constant acceptance from others.

**Kashvi Mishra (OPG Journalist):** Which aspect of your monologue felt surprisingly relevant to the world we live in today, and why?

**Ms Geetika Kapoor (Judge):** I found it relevant because it shows how people can manipulate others' perception to protect their image instead of taking responsibility for their actions, which is something we still see in today's world.








# कल्पना से अभिव्यक्ति तक

## अंतरविद्यालयी दास्तानगोई प्रतियोगिता

"कहानियाँ सिर्फ सुनी नहीं जातीं, वो जिए गए लम्हों का आइना होती हैं।"

ओ.पी.जी. वर्ल्ड स्कूल में 15 जुलाई 2026 को लिट ओडिसी 2026 के अंतर्गत अंतरविद्यालयी दास्तानगोई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ने युवा कहानीकारों को अपनी कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति और कहानी कहने की कला का प्रभावशाली प्रदर्शन करने का सशक्त मंच प्रदान किया। हास्य, स्वर के उतार-चढ़ाव, प्रभावशाली संवाद-अदायगी और सजीव हाव-भाव के माध्यम से उन्होंने अपनी कहानियों को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की प्रत्येक प्रस्तुति ने यह सिद्ध किया कि "जब कहानी दिल से कही जाती है, तो वह केवल सुनी नहीं, महसूस भी की जाती है।" प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रख्यात कथावाचिका तथा 'स्टोरी की बोरी' की संस्थापक सुश्री श्रद्धा गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का आकलन कहानी की मौलिकता, प्रस्तुति शैली, अभिव्यक्ति, स्वर के प्रभावी प्रयोग तथा श्रोताओं से जुड़ाव के आधार पर किया। गहन मूल्यांकन के उपरांत माउंट कार्मेल स्कूल, गुरुग्राम के अनुभव कौशिक एवं अद्वैत नायर ने अपनी प्रभावशाली दास्तान, उत्कृष्ट समन्वय और सशक्त प्रस्तुति के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भी बनी। वहीं वसंत वैली स्कूल के चैतन्य सस्तुरकर एवं अद्वैत कृष्ण कक्कड़ ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच नहीं थी, बल्कि उनकी कल्पनाशक्ति को नई उड़ान देने, प्रभावशाली कथावाचन की कला को निखारने तथा श्रोताओं से भावनात्मक रूप से जुड़ने का एक सार्थक अवसर।





**हमारे विजेता**

🥇अनुभव कौशिक
अद्वैत नायर
(माउंट कार्मेल स्कूल, गुरुग्राम)

🥈चैतन्य सस्तुरकर
अद्वैत कृष्ण कक्कड़
(वसंत वैली स्कूल)



# साक्षात्कार

**दीया ,ओ.पी.जी पत्रकार:** मंच पर जाने से ठीक पहले आपके मन में क्या चल रहा था?

**अनुभव कौशिक, माउंट कॉर्मल स्कूल गुरूग्राम (प्रतिभागी):** शुरुआत में थोड़ी घबराहट और डर था, लेकिन मंच पर दास्तान शुरू करते ही सारा संकोच दूर हो गया और ध्यान प्रस्तुति पर केंद्रित हो गया।

**दीया ,ओ.पी.जी पत्रकार :** अपनी दास्तानगोई प्रस्तुति को श्रोताओं के लिए रोचक बनाने के लिए आपने और अन्य प्रतिभागियों ने क्या-क्या तैयारियाँ कीं?

**अद्वैत नायर, माउंट कॉर्मल स्कूल गुरूग्राम (प्रतिभागी):** प्रस्तुति को जीवंत बनाने के लिए हमने हाव-भाव, आवाज़ के उतार-चढ़ाव, हल्के हास्य, संवाद-अभिनय और संगीत का प्रयोग किया।

**दीया ,ओ.पी.जी पत्रकार:** आपके अनुसार दास्तानगोई में दर्शकों पर सबसे अधिक प्रभाव किस बात का पड़ता है—कहानी कहने का अंदाज़, कहानी का विषय या आवाज़ का उतार-चढ़ाव?

**अनुभव कौशिक, माउंट कॉर्मल स्कूल गुरूग्राम (प्रतिभागी):** विषय के अलावा, कहानी कहने का अंदाज़, भाव, लय और आवाज़ का उतार-चढ़ाव ही दर्शकों पर सबसे गहरा प्रभाव डालते हैं।






# पन्नों के झरोखों से- ‘चक्का जाम’

"जब क्रांति सड़कों पर उतरती है, तो इतिहास स्याही से नहीं, बल्कि आम इंसान के कदमों की धूल से लिखा जाता है।"- चक्का जाम

**हमारे विजेता:**

🥇 रिचा पांडे (क्वींस वैली स्कूल))

🥈 अनिका कटियार(समर्पित) (ओपीजी वर्ल्ड स्कूल)
ओजल आर्य (विश्व भारती पब्लिक स्कूल)

ओ.पी.जी. वर्ल्ड स्कूल में 15 जुलाई 2026 को लिटओडिसी 2026 के अंतर्गत अंतरविद्यालयी पुस्तक चर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को गौतम चौबे द्वारा रचित ‘चक्का जाम’ पुस्तक के कथानक, पात्रों और संदेश पर अपने विचार प्रस्तुत करने का सार्थक मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों ने केवल पुस्तक का सार प्रस्तुत करने तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें निहित विभिन्न विषयों पर तर्कपूर्ण चर्चा करते हुए अपने पक्ष और विपक्ष के विचार प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता ने एक बार फिर यह अनुभव कराया कि– “अच्छी पुस्तकें केवल पढ़ी नहीं जातीं, वे विचारों को नई दिशा भी देती हैं।” प्रतियोगिता का मूल्यांकन दिल्ली विश्वविद्यालय के राजधानी कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. जसवीर त्यागी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन पुस्तक की समझ, विश्लेषणात्मक दृष्टि, अभिव्यक्ति, तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता तथा प्रश्नों के उत्तर देने की दक्षता के आधार पर किया। गहन मूल्यांकन के उपरांत क्वीन्स वैली स्कूल की ऋचा पांडेय ने अपने सुविचारित विश्लेषण, स्पष्ट अभिव्यक्ति और प्रभावशाली प्रस्तुति के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान ओ.पी.जी. वर्ल्ड स्कूल की अनिका कटियार ने प्राप्त किया। किंतु मेज़बान विद्यालय की प्रतिभागी होने के कारण द्वितीय स्थान का पुरस्कार अगले सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विश्व भारती पब्लिक स्कूल की ओजल आर्या को प्रदान किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए केवल पुस्तक समीक्षा का मंच नहीं थी, बल्कि साहित्य के माध्यम से चिंतन, संवाद और तार्किक दृष्टिकोण को विकसित करने का एक प्रेरणादायी अवसर भी बनी। विद्यार्थियों ने यह अनुभव किया कि एक अच्छी पुस्तक केवल ज्ञान का स्रोत नहीं होती, बल्कि नए विचारों, सार्थक संवाद और व्यापक दृष्टिकोण का द्वार भी खोलती है।



**रिद्धी ,ओ.पी.जी पत्रकार :** पुस्तक की समीक्षा करते समय आपको उसका कौन-सा विचार या संदेश सबसे अधिक सार्थक लगा?

**रिचा पांडे, क्वीन वैली स्कूल ( प्रतिभागी):** पुस्तक का पाठकों को केवल कहानी सुनाने के बजाय विभिन्न दृष्टिकोणों से सोचने और अपनी स्वतंत्र राय बनाने के लिए प्रेरित करना।



**रिद्धी ,पत्रकार, ओ.पी.जी वर्ल्ड स्कूल:** आपके अनुसार एक प्रभावशाली पुस्तक समीक्षा की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता क्या होती है?

**ओजल आर्या, सेंट मार्क सीनियर सैकेंडरी स्कूल (प्रतिभागी):** विचारों का गहन विश्लेषण, प्रासंगिकता, समीक्षक की स्पष्ट व तर्कपूर्ण राय और सरल व प्रभावी अभिव्यक्ति।

# साक्षात्कार



**रिद्धी, ओ.पी.जी पत्रकार:** भविष्य के प्रतिभागियों के लिए आपका क्या संदेश रहेगा?

**डॉ जसवीर त्यागी (मुख्य जज):** प्रत्येक प्रतिभागी को निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए तथा अपने तर्कों को और अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही, केवल अपने पक्ष को प्रस्तुत करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विभिन्न दृष्टिकोणों को समझते हुए अपने विचारों को आत्मविश्वास और प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

**रिद्धी ,ओ.पी.जी पत्रकार:** जो विद्यार्थी अगले वर्ष इस आयोजन में भाग लेना चाहेंगे, उन्हें आप क्या संदेश देना चाहेंगी?

**ओजल आर्या, सेंट मार्क सीनियर सैकेंडरी स्कूल (प्रतिभागी):** बिना किसी भय के आत्मविश्वास और तैयारी के साथ भाग लें; जीतने से अधिक महत्वपूर्ण सीखना, अनुभव पाना और स्वयं को बेहतर बनाना है।

# तर्क से सत्य की ओर :
# अंतरविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता

**हमारे विजेता**

🥇 ओजस्वीर सिंह सिधू(समर्पित)
(ओपीजी वर्ल्ड स्कूल)
डेलिशा पोपली
(सेंट मार्क्स सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल)
🥈 रेयांश लीखा (समर्पित)
(ओपीजी वर्ल्ड स्कूल)
दिशा मलिक
(इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल)





"वाद-विवाद केवल तर्कों की जंग नहीं, बल्कि सच तक पहुँचने का एक वैचारिक मार्ग है।"

ओ.पी.जी. वर्ल्ड स्कूल में 15 जुलाई 2026 को लिटओडिसी 2026 के अंतर्गत अंतरविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था–"स्वस्थ पर्यावरण, बड़ी कंपनियों की अपेक्षा व्यक्तिगत जिम्मेदारी अधिक है।" इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखते हुए उन्होंने विषय की गहन समझ, स्पष्ट तर्क और प्रभावशाली अभिव्यक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम की प्रत्येक प्रस्तुति ने यह अनुभव कराया कि– "जहाँ तर्क और विचार साथ चलते हैं, वहीं सत्य का मार्ग प्रशस्त होता है।" प्रतियोगिता का मूल्यांकन दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज के हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. अर्चना त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता, भाषा की शुद्धता, मंच-प्रस्तुति तथा अभिव्यक्ति के आधार पर किया। गहन विचार-विमर्श के उपरांत ओ.पी.जी. वर्ल्ड स्कूल के ओजस्वीर सिंह सिद्धू ने अपनी सशक्त तर्कशक्ति, प्रभावशाली प्रस्तुति और विषय की उत्कृष्ट समझ के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओ.पी.जी. वर्ल्ड स्कूल के रेयांश लीखा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चूँकि दोनों प्रतिभागी मेज़बान विद्यालय से थे, इसलिए प्रथम एवं द्वितीय स्थान के पुरस्कार क्रमशः उनके बाद सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली सेंट मार्क्स सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की डेलिशा पोपली तथा इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल की दिशा मलिक को प्रदान किए गए। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए केवल अपनी बात रखने का मंच नहीं थी, बल्कि तार्किक चिंतन, प्रभावशाली अभिव्यक्ति और समसामयिक विषयों पर संतुलित दृष्टिकोण विकसित करने का एक प्रेरणादायी अवसर भी सिद्ध हुई।







# साक्षात्कार

**रिद्धी ,ओ.पी.जी पत्रकार :** आज की वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की कौन-सी विशेषता ने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया?

**डॉ. अर्चना त्रिपाठी (मुख्य जज) :** प्रतिभागियों ने अपने तर्क अत्यंत प्रभावशाली और तार्किक ढंग से प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने विचारों के समर्थन में इतने सशक्त तर्क दिए कि संदेह की बहुत कम गुंजाइश रह गई। उनकी स्पष्ट अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास भी सराहनीय था।

**रिद्धी, ओ.पी.जी पत्रकार:** यदि आपको इस प्रतियोगिता का अनुभव एक वाक्य में बताना हो, तो आप क्या कहेंगे?

**ओजस्वीर सिंह, ओ.पी.जी वर्ल्ड स्कूल (प्रतिभागी) :** यह प्रतियोगिता सीखने, खुद को परखने और आत्मविश्वास बढ़ाने की एक बेहतरीन यात्रा थी।

**कीरत कौर ,ओ.पी.जी पत्रकार:** आपको वाद-विवाद के लिए दिया गया विषय कैसा लगा और आपने उसकी तैयारी कैसे की?

**दिशा मलिक, इंद्रप्रस्था स्कूल द्वारका (प्रतिभागी): विषय रोचक था;** मैंने गहन शोध करके, विभिन्न दृष्टिकोणों को समझकर और तथ्य जुटाकर तैयारी की।

**रिद्धी ,ओ.पी.जी पत्रकार:** वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने का आपका अनुभव कैसा रहा?

**डैलिशा पोपली, सेंट मार्क सीनियर सैकेंडरी स्कूल (प्रतिभागी):** यह अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक रहा; इससे शोध करने, सीमित समय में विचार रखने और तर्कों के साथ आत्मविश्वास से बोलने की कला सीखी।

# Prize winners!












पुस्तक समीक्षा









# FROM THE PRESS CLUB

LitOdyssey 2026 has been more than a literary fest; it was a celebration where pages breathed perspectives and stages glowed with ideas. From spirited conversations to moments of creativity and connection, every corner of the fest carried a story of its own. This compilation of glimpses, memories, and voices is our humble attempt to preserve the moments that made LitOdyssey truly unforgettable.





### *From the Student Editor's Desk*

As the curtains fall on Lit Odyssey '26, we hope these pages serve as a lasting keepsake of the passion, intellect, and creativity displayed over these two extraordinary days. Bringing this edition to life has been a labor of love for our entire team, capturing the brilliant minds that made our halls echo with debate, drama, and verse. May the spirit of inquiry and expression ignited here continue to inspire us all until we meet again next year.

*[Harshaan Sidhu], Student Editor (2026-27)*

*Designed and Collated by Riddhi Goyal and Irene Libish Abraham*

*~Class 10, OPG*